# शिक्षक ही समृद्ध भारत, श्रेष्ठ नागरिक, श्रेष्ठ भारत का निर्माण करता है : देवनानी

## शिक्षा मंत्री ने स्थानांतरण, पदोन्नतियां, वेतन विसंगतियां सहित कहीं मुद्दों पर सकारात्मक रूख अपनाते हुए बोर्ड परीक्षा के बाद स्थानांतरण की बात कही

**मंडफिया,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन का उद्घाटन समारोह मंडफिया स्थित मीरां रंगमंच पर आमंत्रित अतिथियों एवं हजारों शिक्षकों की उपस्थिति में आयोजित हुआ। सम्मेलन के संयोजक कैलाश चंद सुथार एवं जिला अध्यक्ष पूरणमल लोहार ने बताया कि उद्घाटन समारोह के अतिथि वासुदेव देवनानी विधानसभा अध्यक्ष एवं मदन दिलावर शिक्षा मंत्री रहे।

राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि वर्तमान शिक्षा में संस्कारों का समावेश होना चाहिए जिस देश का नागरिक संस्कारित होता है वह देश सकारात्मक मार्ग पर सदैव प्रगति करता रहता है। भारत देश विश्व का गुरु है। सभी को दिशा देकर दशा बदल देता है साथ ही उन्होंने कहा कि छात्र हित को ध्यान में रखते हुए हम अध्यापन को महत्व दें। शिक्षा मंत्री ने स्थानांतरण, पदोन्नतियां, वेतन विसंगतियां सहित कहीं मुद्दों पर सकारात्मक रूख अपनाते हुए बोर्ड परीक्षा के बाद स्थानांतरण की बात कही। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब मैं कभी आप शिक्षकों के अधिवेशन में आता हूं तो मुझे लगता है कि मैं अपने परिवार में आ गया हूं अपनेपन की अनुभूति के साथ ही शैक्षिक परिवार की परिकल्पना को ध्यान में रखते हुए हम अन्य कर्मचारियों की तरह नहीं है, शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक होता है।




शिक्षक सम्मेलन को शिक्षा मंत्री दिलावर ने संबोधित किया।

राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका होती है। शिक्षक ही समृद्ध भारत, श्रेष्ठ नागरिक, श्रेष्ठ भारत का निर्माण करता है। शिक्षक संघ राष्ट्रीय के शिक्षकों ने अपना उद्घोष देशहित पहले समाज हित बाद में है। शिक्षक समाज की परि संकल्पना होनी चाहिए।

उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने की। उद्घाटन समारोह के मुख्य वक्ता क्षेत्रीय प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजस्थान के निंबाराम, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के महेंद्र कुमार कपूर, संगठन मंत्री राजस्थान अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के घनश्याम रहे। उद्घाटन समारोह में कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर,

■ मंडफिया में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन का उदघाटन समारोह आयोजित

चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्यां, जिला कलेक्टर आलोक रंजन सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सम्मेलन सहसंयोजक रमेश चंद्र पुरोहित एवं तेजपाल सिंह शक्तावत ने बताया कि मंचासीन अतिथियों का प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी द्वारा मेवाड़ी परंपरा से स्वागत किया गया। महामंत्री प्रतिवेदन का वाचन प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने किया। जिला संगठन मंत्री डॉ. हीरालाल लोहार ने बताया कि सम्मेलन में राजस्थान के में कोने-कोने से हजारों की संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह के मुख्य वक्ता निंबाराम ने अपने वक्तव्य में पंच परिवर्तन को लेकर विषय रखा पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में परिवर्तन होना चाहिए जिसमें सामाजिक सद्भाव सामाजिक समरसता पर्यावरण स्वदेशी कुटुंब प्रबोधन सहित बिंदुओं को विविध उदाहरणों से रेखांकित किया।

प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में शिक्षकों की लंबित समस्याओं का प्रतिवेदन रखते हुए स्थानांतरण पदोन्नितयां वेतन विसंगतिया दूर करने तथा संगठन को मान्यता देने, शिक्षकों को गैर शैक्षिणक कार्यों से मुक्ति दिलाने सहित कहीं ज्वलंत मुद्दे सदन के सम्मुख रखें तथा सभी का आभार प्रकट किया। उद्घाटन समारोह से पूर्व श्रद्धेय जयदेव पाठक व्याख्यान माला का आयोजन हुआ। जिसके मुख्य वक्ता राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के महेंद्र कुमार कपूर रहे। अध्यक्षता शिक्षक संघ राष्ट्रीय के संरक्षक उमराव सिंह ने की।

मंच पर कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर मौजूद रहे। समारोह में प्रदेश कार्यकारिणी के संपत सिंह, अरुणा शर्मा, अभयसिंह राठौड़, रवि आचार्य, बजरंगलाल मजेजी, प्रहलाद कुमार शर्मा, देवलाल गोचर, सुंदरलाल जैन, डॉक्टर ऋषिन चौबीसा, अशोक कुमार, रमेशचन्द्र पुरोहित, मदनलाल जोशी, जिला अध्यक्ष पूरणमल लोहार, डॉक्टर हीरालाल लुहार, तेजपालसिंह शक्तावत, तेजकरण शर्मा, सुनील भारद्वाज सहित शिक्षक संघ राष्ट्रीय के स्थाई समिति सदस्य, प्रदेश कार्यकारिणी पदाधिकारी, राजस्थान के समस्त जिला अध्यक्ष जिला मंत्री तथा समस्त उपशाखाओं के अध्यक्ष मंत्री मौजूद रहे। राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन हुआ।

# जैसलमेर में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद प्रशासन अलर्ट

## प्रशासन बीमारी के प्रोटोकॉल के बीच पक्षियों के शव को दफन कर रहा है

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जैसलमेर मे एवियन फ्लू (बर्ड फ्लू) की पुष्टि के बाद प्रशासन अलर्ट है। अब इस बीमारी के पशुओं और इंसानों में फैलने से रोकने के लिए प्रशासन बीमारी के प्रोटोकॉल के बीच पक्षियों के शव को दफन कर रहा है। प्रशासन अलर्ट हो गया है। सभी आम नागरिकों से भी अपील की है कि अगर किसी को मृत पक्षी का शव मिलता है तो उसे हाथ नहीं लगाएं। इस बीमारी से गुरुवार को एक और कुरजा (डेमोइसेल क्रेन) ने दम तोड़ दिया। अब तक 14 पक्षियों की मौत हो चुकी है। जैसलमेर से 55 किलोमीटर दूर देवीकोट कस्बे के देगराय ओरण इलाके के लूनेरी और लखमना तालाब के पास जहां मृत कुरजा पक्षी मिले हैं, उस इलाके को प्रशासन ने संक्रमित हॉटस्पॉट घोषित कर प्रतिबंधित कर

■ देवीकोट कस्बे के देगराय ओरण इलाके के लूनेरी और लखमना तालाब के पास जहां मृत कुरजा पक्षी मिले हैं, उस इलाके को प्रशासन ने संक्रमित हॉटस्पॉट घोषित किया

दिया है ताकि कोई भी पशु और इंसान उस तरफ ना जाए और इस बीमारी की चपेट में ना आ जाए। इस इलाके में कुरजा ने डेरा डाला हुआ है।

पशुपालन विभाग के डॉ. उमेश ने बताया कि ये बीमारी सर्दी में ही पक्षियों में फैलती है। ज्यादा ठंड में पक्षियों की सांस नली व फेफड़ों में इन्फेक्शन होता है। जिसको बर्ड फ्लू (इन्फ्लुएंजा) कहा जाता है। ऐसे में निमोनिया या कोरोना के जैसे ही लक्षण होते हैं। इलाज नहीं मिलने पर पक्षी की मौत हो जाती है। ये एक संक्रमण है जो एक से दूसरे में जल्दी से फैलता है। पशुओं आदि में भी ये संक्रमण फैल सकता है जिससे उसकी जान जा सकती है। ऐसे में बचाव करना ही इलाज है। और अगर किसी को हो जाए तो उसको प्रॉपर इलाज करवा कर मुक्त किया जा सकता है। पशु पालन विभाग सयुक्त निदेशक डा. उमेश वारगंटीवार ने बताया कि इंसानों में भी ये बीमारी फैल सकती है। हालांकि अभी तक ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है, मगर फिर भी इसको लेकर बचाव करना बेहद जरूरी है।

## लापता महिला का शव नहर में मिला

**कोटा,** (निसं)। गुमानपुरा इलाके के छावनी से लापता हुई महिला का शव उम्मेदगंज तालाब में मिला। छावनी इलाके में नहर के किनारे लापता महिला की चप्पल मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने निगम की गोताखोर टीम को मौके पर बुलाया।

नगर निगम की गोताखोर टीम ने

■ पुलिस टीम को गोताखोरों की मदद से महिला का शव करीब छह घंटे की तलाशी के बाद उम्मेदगंज तालाब के पास मिला

महिला का सर्च अभियान शुरू किया। नगर निगम गोताखोर विष्णु श्रृंगी ने बताया कि कंट्रोल रूम से महिला के नहर में कूदने की सूचना मिली थी। देर रात तीन बजे करीब महिला के घर से लापता हुई थी। जिसकी चप्पल नहर के किनारे पड़ी हुई मिली थी। विष्णु श्रृंगी ने बताया कि सुबह 9 बजे से महिला की तलाश के लिए सर्च अभियान किया और करीब छह घंटे की तलाशी के बाद महिला का शव उम्मेदगंज तालाब के पास मिला।

शव मिलने पर उद्योग नगर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं उद्योगनगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि छावनी से लापता महिला जाहिदा का शव उम्मेदगंज तालाब के पास मिला है। शव को एमबीएस अस्पताल के मोर्चरी में रखवा दिया गया हैं। मृतक के शव का शनिवार को पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.JAIPUR**

No.NIT/2024-25/26106-16 ई-निविदा सूचना संख्या 440/2024-25 Date:16.01.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है-

| कार्य का विवरण | कार्य की कुल अनुमानित लागत (रू.) |
| --- | --- |
| Rate Contract for Road repair on various BOT Roads of RSRDC Ltd. Jaipur. UBN: RRC2425WSOB00840 | 500.00 Lakh |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://roads.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। महाप्रबंधक

**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लि.**
(राजस्थान सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट कार्यालय, 04, मीरा मार्ग, उदयपुर- 313001(राज.) फोन नम्बर: (0294)2427177/2428763-67, फैक्स: (0294)2428768,2428739 Email:- contractsco.rsmml@rajasthan.gov.in

ई-निविदा सूचना दिनांक .17.01.2024

| ई-निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
| --- | --- |
| e- Tender no. RSMM/CO/GGM (Cont) Cont-20/2024-25 dated 16.01.2025 UBN No. MML2425WSOB00182 | संस्थान की झामरकोटडा स्थित आईबीपी प्लांट पर ऑफिस के मरम्मत एवं रख-रखाव संबंधित कार्य हेतु। (निविदानुसार) अनुमानित लागत रु. 20.00 लाख, धरोहर राशि रु. 40000/-, निविदा शुल्क 1180/- |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com /www.sppp.rajasthan.gov.in/ www.eproc.rajasthan.gov.in अथवा वरिष्ठ प्रबंधक (अनुबंध) से उपरोक्त पते पर सम्पर्क करें।
राज.संवाद/सी/24/10472 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**
पृथ्वीराज मार्ग अजमेर (राज.) फोन न. 0145-2429953,2433813
Email- ajmermc@gmail.com
क्रमांक F.10/50/M/LIGHT/AMC/2024-25/316 दिनांक : 15.01.2025
अल्पकालीन ई-निविदा-सूचना
नगर निगम अजमेर द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार में उपयुक्त श्रेणी के निविदादाताओं से संबंधित निम्न निविदा आमंत्रित की जाती है कार्यो की अनुमानित लागत टेंडर भरे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख एव टेंडर शर्ते आदि संपूर्ण www.sppp.rajasthan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in वेबसाइट पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती हैं
NIB CODE :-ANN2425A0178
UBN CODE :-ANN2425WSOB00283
राज.संवाद/सी/24/10457 उपायुक्त, नगर निगम अजमेर

**जोधपुर नगर निगम, (दक्षिण)**
पोलोटेक्निक कॉलेज परिसर, रेजीडेन्सी रोड, जोधपुर
E-Mail- ceo_nnj@rediffmail.com,nnjelectrical@gmail.comTel: 0291-2651464
क्रमांक:- सं./एफ-15/कार्य/2024/RL-14340 दिनांक:- 09.01.2025
ई- निविदा सूचना क्रमांक RL-14334 दिनाक 09.01.2025
UBN NO. DLB2425WSOB14742
जोधपुर नगर निगम दक्षिण द्वारा इच्छुक कार्यो के अनुभवी/योग्यताधारी, डिजिटल विधुत लाईसेन्सधारी संवेदको, नगर निगम में पंजीकृत नियमानुसार E-EWSD श्रेणी संवेदको, अन्य विभाग में पंजीकृत E-EWSD-I ऑन-लाईन "ई" टेण्डर प्रकिया से निगम शर्तो के अधीन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा के कार्यो, योग्यता, शर्तो की समस्त जानकारी वेबसाईट पर www.eproc.raj.in अथवा www.sppp.raj.nic.in अथवा https://lsg.rajasthan.gov.in/MCJS पर देखी जा सकती है।
आयुक्त
राज.संवाद/सी/24/10479 नगर निगम, (दक्षिण) जोधपुर

**RAJASTHAN SAMWAD**
Department of Information and Public Relations
Government Secretariat, Jaipur-302 005
(Telephone & Fax No. 0141-2227057
Email id: eproc.dipr@gmail.com; dipr.rajasthan@gmail.com)
NIB No. 11 Date: 17.01.2025
NOTICE INVITING BIDS
Bids for RATE CONTRACT OF AGENCIES/FIRMS for Providing Outdoor Media Service for Udaipur Region (Udaipur, Banswara, Chittorgarh, Dungarpur, Pratapgarh, Rajsamand and Salumbar Districts Area) are invited from interested bidders up to 06:00 PM 06/02/2025
Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in. http://sppp.raj.nic.in) of the state; and https://dipr.rajasthan.gov.in/. The approximate value of the procurement is Rs. 05 Crore.
UBN No. IPR2425SLRC00036
Raj.Samwad/C/24/10493 Managing Director

**कार्यालय नगरपरिषद राजसमन्द**
जिला परिषद रोड, राजनगर राजसमन्द पिन 313324
Email :- rajsamandnagarpalika@gmail.com Telephone No. 02952-220034
क्रमांक: एफ (10)नपरा/विकास /NIT/10/2024/6871 दिनांक : 15.01.2025
निविदा सूचना संख्या 10/2024-25
नगरपरिषद राजसमन्द द्वारा 05 कार्य की अनुमानित लागत 24.99 लाख रूपये हेतु संबंधित संवेदक/संस्था/संगठन से दिनांक 22.01.2025 को 3.00 बजे तक मुहरबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 22.01.2025 दोपहर 1.00 बजे तक विक्रय की जावेगी। प्राप्त निविदाऐं आमंत्रित तिथि को सायं 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। सशर्त दरें मान्य नही होगी। निविदा सम्बन्धित विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है।
UBN No. DLB2425WSOB15095, DLB2425WSOB15096, 97, 99 & 100
सभापति आयुक्त
राज.संवाद/सी/24/10448 नगरपरिषद राजसमन्द नगरपरिषद राजसमन्द

**जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
कार्यालय संभागीय मुख्य अभियंता (जयपुर संभाग)
पुराना पॉवर हाऊस, बनीपार्क, जयपुर टेलीफैक्स : 0141 - 2201489, इमेल: zcejz@jvvnl.org
ई- निविदा सूचना
ई-निविदा दो भागों में (तकनीकी-वाणिजियक), जिला दौसा में 33/11 केवी लोटवाड़ा जीएसएस का निर्माण और 33 केवी और 11 केवी इंटरकनेक्शन का निर्माण का कार्य सहायक अभियंता (प.व.स.), जेपीडी, बैजूपाड़ा, जयपुर डिस्कॉम के दौसा सर्कल के अधिकार क्षेत्र में टीएन - 93 के तहत एआरसी पर योग्य निविदादाताओं से श्रम दर पर आमंत्रित किये जाते है। योग्य निविदादाता सम्पूर्ण निविदा संबंधित दस्तावेज ई - प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 21.01.2025 से डाउनलोड कर सकते है। निविदायें ऑनलाईन ई- पोर्टल पर दिनांक 31.01.2025 को सांय 05:00 बजे तक ही स्वीकार की जावेगी। निविदा संबंधी जानकारी कार्य का विवरण इत्यादि जयपुर विद्युत वितरण निगम की वेब साईट www.energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, http://www.sppp.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।
UBN: VVN2425WSOB01038
जेपीआर-2941 (2025) संभागीय मुख्य अभियंता (जयपुर संभाग)
राज.संवाद/सी/24/10454 बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507

**बीकानेर नगर निगम**
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org
क्रमांक/निर्माण/2024-25/1173 दिनांक 16.01.2025
ई- निविदा-सूचना सं0 90/2024-25
नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
निविदा की कुल लागत 36.22 लाख
UBN Number :- DLB2425WSOB15165
आयुक्त
राज.संवाद/सी/24/10450 नगर निगम, बीकानेर

# पांच सरकारी इंजीनियर्स को बदमाशों ने पीटा, गाड़ी में आग लगाई

## हमले में गंभीर घायलों ने बड़ी मुश्किल से खेतों में भागकर जान बचाई

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। सूरतगढ़ थर्मल पावर प्लांट के 5 इंजीनियर्स के साथ बदमाशों ने पहले जमकर मारपीट की और फिर गाड़ी को आग लगा दी। हमले में गंभीर घायलों ने बड़ी मुश्किल से खेतों में भागकर अपनी जान बचाई।

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने इंजीनियर्स को लूटने का भी प्रयास किया था। घटना देर रात 11.30 बजे सूरतगढ़ के राइयांवाली कस्बे की है। राजियासर पुलिस ने एक नामजद सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थर्मल पावर प्लांट एक्सईएन घनश्याम अग्रवाल ने बताया कि जेईएन नरेद्र सिंह देवड़ा, एईएन प्रवीण जाखड़, जेईएन विशाल द्विवेदी व एलएमओ अमित चौधरी

■ थार सवार बदमाशों ने बोलेरो को घेरकर हमला किया, इंजीनियर डिनर कर लौट रहे थे

पीपेरण के पास 15 जनवरी को एक रिसोर्ट में डिनर करने के लिए गये थे। वापस थर्मल कॉलोनी लौटने दौरान वे राइयांवाली बाइपास के पास टॉयलेट करने के लिए रुके थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार थार गाड़ी आई और बोलेरो के पास रुकी। थार में सवार एक व्यक्ति ने उनसे पूछा कि कौन हो और यहां कैसे खड़े हो। तब उन्होंने कहा कि वे थर्मल पावर प्लांट में इंजीनियर हैं और कॉलोनी वापस जा रहे हैं। जिसके बाद सभी बदमाश गाड़ी से नीचे उतरे और लाठी, डंडों से उन पर हमला कर दिया, जिससे घनश्याम अग्रवाल और नरेंद्रसिंह देवड़ा घायल हो गए। पीडितों ने पुलिस को बताया कि हमले के दौरान वो अंधेरे में खेतों में भाग गए। बदमाशों ने भी उनका पीछा किया, लेकिन वे बच गए। उसके बाद उन्होंने अपने सीनियर्स और पुलिस को हमले की जानकारी दी। इसके बाद आरोपियों की गाड़ी का भी नंबर नोट किया। इसी के आधार पर पुलिस ने उनकी पहचान की है। हालांकि, इस मामले में अब तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

सीआई सतीश यादव ने बताया कि वारदात के बाद बदमाशों ने बोलेरो गाड़ी में आग लगा दी। हमले में घायल एक्सईएन घनश्याम और जेईएन नरेंद्र सिंह के सिर पर चोट लगी है। उन्हें थर्मल की आवासीय कॉलोनी स्थित डिस्पेंसरी में भर्ती कराया गया था, जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को छुट्टी मिल गई। पुलिस ने भैरों सिंह नामक व्यक्ति सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी भैरोंसिंह थर्मल पावर प्लांट में ही ट्रांसपोर्टेशन का ठेका लेता था। मगर पिछले करीब एक डेढ़ साल से थर्मल प्रशासन ने उसे लापरवाही और अन्य कारणों से ब्लैक लिस्ट कर रखा था। आशंका है कि इसी गुस्से में उसने इंजीनियर्स पर हमला किया है।

## अवैध हथियार सहित दो गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। उद्योग नगर पुलिस टीम ने गश्त के दौरान थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर कार्यवाही करते हुए अवैध हथियार व जिंदा कारतूस सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उद्योगनगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि थाने के सहायक उपनिरीक्षक हरवीर सिंह मय जाप्ता इलाके में गश्त के दौरान चैकिंग कर रहे थे। उसी दौरान मल्टीमेटल के समीप एक व्यक्ति पर संदेह होने पर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 315 बोर (8 एमएम) अवैध जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने कंसुआ निवासी शाहरूख हुसैन (31) को गिरफ्तार किया। वहीं थाने के सहायक उपनिरीक्षक सूरजमल मय जाप्ता इलाके में गश्त के दौरान न्यू मोटर मार्केट के समीप एक व्यक्ति पर संदेह होने पर उसकी तलाशी तो उसके पास से अवैध हथियार कटार बरामद हुई। पुलिस ने बॉम्बे योजना लोहार बस्ती निवासी अजय (19) को गिरफ्तार कर लिया।

# नीमकाथाना जिला हटाये जाने के विरोध में धरना जारी




नीमकाथाना जिला बनाने की मांग को लेकर हड़ताल जारी रही।

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना जिला बनाने की मांग को लेकर 18 वें दिन शुक्रवार को भी हड़ताल जारी रही, जिसमें भूख हड़ताल पर बैठे लोगों को विधायक सुरेश मोदी ने राजू सरपंच पापड़ा, पूर्व सरपंच राजपाल बड़सरा, रामप्रसाद यादव, लालचन्द खरिटा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष सेडूराम मीणा को माला पहनाकर धरने पर बैठाया।

चर्चा है कि नीमकाथाना को जिला बनाने से यहां के आर्थिक और सामाजिक विकास में काफी सुधार था और अब इसे हटाने से यहां के नागरिकों की खुशहाली पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। उन्होंने उदाहरण दिया कि कई अन्य जिलों की तुलना में नीमकाथाना क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यों की गति बढ़ी थी, जिससे लोगों को सरकारी सेवाएं आसानी से मिल रही थी। नीमकाथाना जिले के पुनर्गठन के लिए यह जनसभा एक ऐतिहासिक कदम साबित हो सकती है, क्योंकि इससे स्थानीय जनता की एकजुटता और संघर्ष का पता चलता है। अब यह देखना बाकी है कि सरकार इस विरोध को किस तरह से देखती है और इस पर क्या निर्णय लेती है।

विभिन्न राजनीतिक दलो और समाज के प्रमुख व्यक्तियों ने भी अपनी आवाज उठाई और नीमकाथाना जिले को फिर से बहाल करने के लिए संयुक्त संघर्ष का संकल्प लिया। जनसभा में यह संदेश साफ था कि यह मुदा सिर्फ

■ विधायक सुरेश मोदी ने लोगों को माला पहनाकर धरने पर बैठाया

राजनीतिक नहीं, बल्कि जनता का अधिकार और उनका भविष्य है। धरने पर बैठे लोगों में जोश देखा गया और उनकी एकजुटता में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन धीरे-धीरे इस आंदोलन से जुड़ रहे हैं, जिससे इसका प्रभाव और भी व्यापक हो रहा है। यह समर्थन आंदोलन को मजबूती प्रदान कर रहा है और आगे भी इससे जुड़े लोग इस संघर्ष को निरंतर जारी रखने का संकल्प ले रहे हैं। कई प्रमुख नेता भी इस आंदोलन के समर्थन मे सामने आए हैं, जिससे आंदोलन को और अधिक मजबूती मिल रही है। लोग अब इस संघर्ष को सिर्फ एक पेशेवर मुद्दा नहीं, बल्कि एक जनांदोलन के रूप में देख रहे हैं। हड़ताल को सुभाष सिंघल, भोपाल सैनी, जयराम महारानियां, महावीर प्रसाद, प्रहलाद महराणियां, राजेन्द्र यादव, अजय सैनी, राजेन्द्र आर्य कैरवाली, कृष्ण यादव मांकड़ी, रामसिंह गुरूजी राजनगर, उमेश मुंडोतिया, सुरेश खैरवा सरपंच, रामनिवास बंधा की ढाणी, विजेन्द्र रोजड़िया, पूर्व सरपंच भोपाल सैनी धांधेला ने समर्थन दिया।

# बीएसएफ ने हथियारों का जखीरा बरामद किया

## हथियारों की बरामदगी से खुफिया एजेंसियां सतर्क हो गई

**बाडमेर,** (निसं)। एक महत्वपूर्ण अभियान में शुक्रवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बाडमेर जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर हथियारों की तस्करी के प्रयास को सफलतापूर्वक विफल कर दिया।

बीएसएफ गुजरात के जनसंपर्क अधिकारी के मुताबिक विशिष्ट खुफिया सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए बीएसएफ ने एक विशेष अभियान चलाया और अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास चार 9 मिमी ग्लॉक पिस्तौल, आठ मैगजीन और 78 जिंदा राउंड

■ बीएसएफ ने एक विशेष अभियान चलाकर अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास चार 9 मिमी ग्लॉक पिस्तौल, आठ मैगजीन व 78 जिंदा राउंड बरामद किए

बरामद किए। जानकारी के मुताबिक बीएसएफ ने बीजराड थाना हल्के में बीकेडी पोस्ट के पास सर्च ऑपरेशन चलाकर रेत के टीलों के नीचे गडे हुए उक्त हथियारो को बरामद किया है। माना जा रहा है कि यह हथियार सीमा पार से लाए गए है। सूचना मिलने के बाद बीएसएफ और पुलिस के उच्च अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और मामले की छानबीन की जा रही है। साथ ही पूरे इलाके में सर्च किया जा रहा है। गणतंत्र दिवस से पहले सीमा के पास इस हथियारों की बरामदगी से खुफिया एजेंसियां सतर्क हो गई।

# 35 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने तीन लाख रूपये बरामद किये, 8.67 लाख होल्ड कराये

**कोटा,** (निसं)। जवाहर नगर पुलिस टीम ने 35 लाख रूपये की धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को ट्रेसआउट कर मध्यप्रदेश के सहडोल से गिरफ्तार किया।

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि फरियादी ने दो जनवरी को जवाहर नगर थाने में रोहित पाण्डे व शीतल गुप्ता के खिलाफ धोखाधड़ी कर पिता की मौत व अन्य कई बहना लगाकर 35 लाख रूपये हड़पने का मामला दर्ज करवाया था। शहर एसपी ने बताया कि 35 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आने पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिये शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के निर्देशन पुलिस उपअधीक्षक योगेश शर्मा के सुपरविजन में जवाहर नगर थानाधिकारी रामलक्ष्मण गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया। गठित टीम ने तकनीकी व साइबर सेल टीम की सहायता से कार्यवाही करते हुए धोखाधड़ी के आरोपी बसन्त बिहार सोसायटी गढ़खोल आम्बोली थाना भरूच जिला भरूच गुजरात हाल मध्यप्रदेश के कच्ची बस्ती साहडोल निवासी रोहित पांडे को साहडोल से गिरफ्तार किया। शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी से तीन लाख



धोखाधड़ी के आरोपी को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया।

रूपये बरामद किये। आरोपी की गिरफ्तारी मे विशेष भूमिका थाने के कॉन्स्टेबल धर्मेन्द्र की रही।

ट्रेस होने से बचने के कई बार बदली लोकेशन :-शहर एसपी अमृता दुहन ने बताया कि आरोपी इतना शातिर है कि पुलिस आसानी से ट्रेस आउट नहीं कर सके आरोपी अपनी उपस्थिति गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश में घूमता रहा। आरोपी अपना मोबाइल भी निवासी स्थान से तीन किलोमीटर दूरी पर छिपाकर रखता था ताकि पुलिस टीम उसको आसानी से ट्रेस नही कर सके। शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी रोहित पांडे ने अपने खाते से नकद निकलवा लिये तथा कुछ मिलने वालों के खाते में डलवा दिये। पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी के बैंक खाते में 8.67 लाख रुपये होल्ड कराते हुए लगातार आरोपी का पीछा कर आरोपी को सहडोल से डिटेन कर लिया।

शहर एसपी ने बताया कि आरोपियों ने परिवादी के मोबाइल पर

■ आरोपी इतना शातिर है कि अपना मोबाइल भी निवासी स्थान से तीन किलोमीटर दूरी पर छिपाकर रखता था

फेसबुक, व्हाट्सएप, व सोशल मीडिया से सर्म्पक कर पिता की मौत, बच्चे की बीमारी व अन्य अलग-अलग बहाने लगाकर परिवादी से रूपये डलवाये तथा परिवादी को जमीन बिक जाने पर रूपये लौटाने का लालच देकर 15 हजार की मदद और मांगते हुए 6 माह में ही 35 लाख रूपये परिवादी से अपने बैंक खाते में डलवा लिये और परिवादी के मांगने पर झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी और 35 लाख रूपये हड़प लिये। मामले मे पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए धोखाधड़ी के आरोपी रोहित पांडे को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से शेष बची हुई राशि के बारे में अनुसंधान किया जा रहा है। जवाहर नगर थानाधिकारी रामलक्ष्मण ने बताया कि मामले में एक और आरोपी शीतल गुप्ता की तलाश जारी है। वहीं पकड़े गये आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ जारी है।